Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7575	24.07.2023	24.07.2023	Mathura Uttar Pradesh	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/mathura/a-dozen-ill-after-eating-feast-in-flood-affected-area-mathura-news-c-29-1-mtr1013-109464-2023-07-24
Title:	**Dozen ill after eating feast in flood affected area Mathura, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Mathura, SSU- Uttar Pradesh			

यमुना में आई बाढ़ का पानी उतरने के बाद अब उसके दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। प्रभावित इलाकों में दूषित पानी और गंदगी के कारण लोग बीमार पड़ने लगे हैं। जलस्तर कम होने के बाद मथुरा के नरसीपुरम में एक परिवार में नामकरण संस्करण आयोजित किया गया।

यहां दावत खाने के बाद आधा दर्जन से ज्यादा लोग फूड प्वाॅइजनिंग का शिकार हो गए। इन्हें स्वर्ण जयंती अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां हालत में सुधार नहीं होने पर पांच लोगों को भरतपुर के आरबीएम जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जबकि दो का उपचार मथुरा के अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी हालत में सुधार है।

उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के नरसीपुरम में निवासी प्रेम सिंह के नाती का गत दिवस 21 जुलाई को नामकरण संस्कार था। इसमें शामिल होने के लिए भरतपुर शहर के एसटीसी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी कमलेश पत्नी विजय कुमार, अजीत कुमार पुत्र विजय कुमार, प्रेम सिंह पुत्र मूलचंद, रोशनी पुत्री नरेंद्र, ललित कुमार पुत्र रवि कुमार भी गए थे। कार्यक्रम में देर शाम सभी लोगों ने खाना खाया। इसके बाद करीब एक दर्जन लोग फूड प्वाॅइजनिंग के शिकार हो गए।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.
Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

सभी को उल्टी और दस्त होने लगे तो समारोह में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। तबीयत बिगड़ने पर सभी लोगों को मथुरा के स्वर्ण जयंती व अन्य अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इनमें कमलेश पत्नी विजय कुमार, अजीत कुमार पुत्र विजय कुमार, प्रेम सिंह पुत्र मूलचंद, रोशनी पुत्री नरेंद्र, ललित कुमार पुत्र रवि कुमार सहित विनीत और मोना शामिल हैं।

इधर जब कमलेश के परिजन की तबीयत में कोई सुधार नहीं हुआ तो परिजन उन्हें मथुरा से भरतपुर लाए और जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। नरसीपुरम कॉलोेनी निवासी प्रेम सिंह का कहना है कि उनकी कॉलोनी में बाढ़ आ गई थी। ऐसा हो सकता है जलभराव के चलते दूषित पानी पीने से लोगों की तबीयत बिगड़ गई हो। फिलहाल सभी के स्वास्थ्य में सुधार बताया जा रहा है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC